# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय

## जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015

### टेलीफोन नं. 0141–2706830, 2941098,ई–मेलः–rajscoutguide@yahoo.com


क्रमांकः प. ( )रा.मु./2024–25/5555 दिनांकः 18/10/2024

सर्कल ओर्गेनाइजर (स्काउट/गाइड)
जिला मुख्यालय
समस्त।

**विषय** :– राज्य स्तरीय 64वां रोवर मूट एवं 50वीं रेंजर मीट।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय, जयपुर के वार्षिक कार्यक्रमानुसार रोवर/रेंजर की क्षमता, कौशल, परस्पर सहयोग, सेवाभाव, शिविर जीवन, तकनीकी ज्ञान, प्रदर्शन, साहसिक गतिविधियाँ, आत्मविश्वास एवं प्रतियोगिता की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय 64वां रोवर मूट/एवं 50वीं रेंजर मीट का आयोजन स्काउट/गाइड, मण्डल प्रशिक्षण केन्द्र, पुष्करघाटी, अजमेंर में दिनांक 26.12.2024 से 30.12.2024 तक किया जा रहा है। विस्तृत सूचना निम्नानुसार हैं :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | गतिविधि का नाम | राज्य स्तरीय 64वां रोवर मूट एवं 50वीं रेंजर मीट। |
| 2. | तिथियाँ | 26.12.2024 से 30.12.2024<br>(प्रथम दिन प्रातः 10:00 बजे तक शिविर में पहुँचना आवश्यक है। अंतिम दिन दोपहर बाद प्रस्थान कर सकेंगे) |
| 3. | स्थान | स्काउट/गाइड, मण्डल प्रशिक्षण केन्द्र, पुष्करघाटी, अजमेंर । |
| 4. | पहुँच | अजमेर से पुष्कर जाने वाली निजी एंव रोडवेज बसों द्वारा 6 मील पर उतर कर जाया जा सकता है। जिनका किराया प्रति सवारी लगभग 20 रू होगा। |
| 5. | सम्पर्क | श्री विनोद दत्त जोशी – सहायक राज्य संगठन आयुक्त,(स्काउट), मो. 8003097157<br>श्रीमती ओम कुमारी – सर्कल औंर्गेनाइजर (गाइड) – मो. 8003097201 |
| 6. | शुल्क | (शुल्क तालिका नीचे) यह शुल्क प्रति शिविरार्थी की दर से शिविर में पहुँचतें ही जमा कराना होगा। जो सम्बन्धित महाविद्यालय/विद्यालय कोष से देय होगा। ओपन क्रू/टीम अपने नियमानुसार व्यवस्था करेंगे। |
| 7. | पंजीकरण | संलग्न पंजीकरण प्रपत्र को पूर्ण व सही प्रविष्ठियों सहित दिनांक– 15.11.2024 तक अपने मण्डल मुख्यालय को भेजकर पंजीकरण कराया जावें; यह आवश्यक है। |
| 8. | योग्यता | 1. पंजीकृत रोवर क्रू/रेंजर टीम से निपुण उत्तीर्ण हो। निपुण रोवर/ रेंजर प्रमाण पत्र की फोटो प्रति साथ लावें।<br>2. रोवर/रेंजर के रूप में क्रू/टीम की सक्रिय सदस्यता का कम से कम एक वर्ष का अनुभव हो, तथा पूर्ण अनुशासित हों।<br>3. 16 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो और 25 वर्ष से अधिक न हो।<br>4. पूर्णतः स्वस्थ हों और अत्यधिक श्रम वहन करने की क्षमता रखते हो। |
| 9. | विशेष | रोवर मूट/रेंजर मीट में सफल संभागित्व एवं प्रतियोगिताओं में सम्मिलित कराने की दृष्टि से एक रोवर क्रू/रेंजर टीम से सर्वश्रेष्ठ (BEST) रोवर/रेंजर को सम्बन्धित रोवर/रेंजर लीडर के नेतृत्व में सम्मिलित कराया जावें। इससे कम या अधिक संख्या में रोवर/रेंजर को स्वीकार नहीं किया जावेगा। |

शुल्क (बिंदु 6):

| | रोवर/रेंजर | रोवर/रेंजर लीडर |
|---|---|---|
| पंजीकरण शुल्क | 80 | 80 |
| विकास शुल्क | 100 | 200 |
| योग – | 180 | 280 |

180 office wok 2024-25

<table>
<tr><td>10.</td><td>पेट्रोल का सामान</td><td>1. प्रदर्शनी एवं शिविर सजावट का सामान, बेनर्स, चार्ट्स, राजस्थानी वेशभूषा, नकली गहनें, कैम्पफायर की तैयारी, सामुदायिक सेवा कार्यों की लॉगबुक, सेवाकार्य एवं शिविरों के फोटोग्राफ, दक्षता बैज प्रदर्शन की सामग्री आदि साथ लावें।<br>2. प्रत्येक पेट्रोल का प्रतिदिन सुबह निरीक्षण किया जायेंगा। इसके लिए ट्रूप फलेग, पेट्रोल फलेग, गेजेंट्स का सामान (4 बांस/लाठी प्रति रोवर/रेंजर 10 X 4 कुल = 40 बांस/लाठियां) रस्सियाँ, खपच्चियां, सूतली जिससे गेट, कपड़ा स्टेण्ड, जूता स्टेण्ड, अलमारी, बर्तन एवं रसोई के गेजेट्स आदि बनायें जायेंगे।<br>उपर्युक्त सामग्री एवं पूर्ण तैयारी के साथ ही शिविर में सहभागिता करावें। <u>इसके अभाव में किसी भी क्रू/टीम के सदस्यों को स्वीकार नहीं किया जावेगा।</u></td></tr>
<tr><td>11.</td><td>आंवटित संख्या पूराने 33 जिलों के अनुसार संख्या आवंटित है।</td><td>प्रति जिला रोवर 06, रेजर 04 = कुल 10 सदस्यों की सहभागिता होगी। इसे मण्डल स्तर पर समायोजित नहीं किया जा सकेगा।
<table>
<tr><th>क्र.स.</th><th>मण्डल</th><th>रोवर</th><th>रेंजर</th><th>योग</th></tr>
<tr><td>1</td><td>अजमेर</td><td>24</td><td>16</td><td>40</td></tr>
<tr><td>2</td><td>भरतपुर</td><td>24</td><td>16</td><td>40</td></tr>
<tr><td>3</td><td>बीकानेर</td><td>30</td><td>20</td><td>50</td></tr>
<tr><td>4</td><td>जयपूर</td><td>24</td><td>16</td><td>40</td></tr>
<tr><td>5</td><td>जोधपुर</td><td>36</td><td>24</td><td>60</td></tr>
<tr><td>6</td><td>कोटा</td><td>24</td><td>16</td><td>40</td></tr>
<tr><td>7</td><td>उदयपुर</td><td>36</td><td>24</td><td>60</td></tr>
<tr><td></td><td>योग</td><td>198</td><td>132</td><td>330</td></tr>
</table></td></tr>
<tr><td>12.</td><td>भोजन व्यवस्था</td><td>संभागियों की भोजन व्यवस्था एसोसिएशन द्वारा की जावेगी। भोजन के लिए आवश्यक बर्तन यथा परात, 2 भगोने मय ढ़क्कन, बाल्टी, सब्जी परोसने के लिए चम्मच, चाय की केतली, पानी का कैम्पर, टैण्ट में बिछाने की चटाई/दरी, झाड़ू, फावड़ा, सब्बल आदि साथ लावें। इसी के साथ रोवर्स/रेंजर्स को व्यक्तिगत रूप से खाने–पीने के बर्तन यथा थाली, कटोरी, ग्लास, चम्मच, कप/मग आदि साथ लाना आवश्यक है।</td></tr>
<tr><td>13.</td><td>आवास</td><td>सभी रोवर/रेंजर एवं रोवर/रेंजर लीडर की आवास व्यवस्था तम्बूओं/हट्स में की जावेंगी। बिछानें के लिए दरी/चटाई एवं मौसम के अनुसार बिस्तर, गर्म कपड़े एवं बदलने के कपड़े, टेन्ट्स, सजावट का सामान, व्यक्तिगत रूप से दैनिक उपयोग की साम्रगी, स्काउट/गाइड गणवेश आदि साथ लावें।</td></tr>
<tr><td>14.</td><td>अवकाश</td><td>मूट/मीट में किसी प्रकार का अवकाश या शिविर स्थल छोड़ने की अनुमति नहीं दी जावेगी।</td></tr>
<tr><td>15.</td><td>शैक्षिक भ्रमण</td><td>दर्शनीय स्थलों का भ्रमण बसों द्वारा करायें जाने की योजना है, जिस पर लगभग 300 रू. प्रति संभागी व्यय होने की सम्भावना है। यह राशि शिविर में पंजीकरण के समय व्यक्तिगत रूप से जमा करानी होगी।</td></tr>
<tr><td>16.</td><td>यात्रा व्यय</td><td>संबन्धित विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय द्वारा देय होगा।निजी एवं स्वतंत्र ग्रुप अपने नियमानुसार व्यवस्था करेंगे।</td></tr>
</table>

**17. मूट/मीट में निम्नांकित प्रतियोगिताएँ एवं गतिविधियाँ आयोजित होगी। जिसमें सभी की सहभागिता अनिवार्य है, तदनुसार सामग्री साथ लावें :–**

| क्र.स. | प्रतियोगिताएँ | | अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | यूनिफॉर्म/ टर्न आउट | APRO पार्ट 2 व 3 के अनुसार पूर्ण होनी चाहिए। | 10 |
| 2. | शिविर कला | टेन्ट का गेट, बाउन्ड्री, किचन, गेजेट्स, पिट्स, इत्यादि। | 20 |
| 3. | S.D.G. (Projects) | किसी भी विषय पर पोस्टर तैयार कर कार्डशीट पर विषय वस्तु लिखी हो, रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। | 10 |
| 4. | ओवर नाईट हाईक | पूरा पेट्रोल भाग लेगा। इसका अलग से प्रमाण–पत्र दिया जावेगा। | 20 |
| 5. | आपदा प्रबंधन प्रदर्शन | आग लगने, भूकम्प, बाढ़, रोड़, दुर्घटना, प्राकृतिक आपदा,मानवीय आपदा, बिजली इत्यादि पर पूरे पट्रोल को सामग्री सहित प्रदर्शन करना होगा। | 10 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | सामान्य ज्ञान | विश्व संबंधी मामले में से किसी एक समस्या पर सभी प्रत्येक क्रू रेंजर टीम से एक–एक रोवर/रेंजर को भाग लेना आवश्यक है। | 10 |
| 7. | फैशन शो | महात्मा गांधी जी के जीवन दर्शन से संबंधित प्रदर्शन | 20 |
| 8. | लोकनृत्य एवं लोकगीत | पूरा पेट्रोल राजस्थानी वेशभूषा में भाग लेना। | 10 |
| 9. | टेलेन्ट शॉ | रोवर/रेंजर को अपनी विशेष दक्षता पर प्रदर्शन करना होगा। | 10 |
| 10. | प्रदर्शनी | ग्रुप द्वारा किये गये कार्यो की फोटोग्रॉ, पेटिंग, पुराने सिक्के, नोट, विभिन्न संग्रह, हाथ से बनी साम्रगी आदि। | 20 |
| 11. | स्किल ओ रामा | स्किल ओ रामा के लिए सामग्री साथ लेकर आना आवश्यक है। जिसका शिविर में प्रदर्शन करना होगा। | 10 |
| 12. | MOP | किसी भी एक प्रोजेक्ट पर कार्य की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। | 10 |
| 13. | क्रू/टीम रिकार्ड | क्रू/टीम रजिस्टर, लॉग बुक, उपस्थिति पंजिका, परिपत्र फाइल, उपलब्धियां, शील्ड प्रमाण–पत्र आदि साथ लावें। | 10 |
| 14. | दक्षता बैज का प्रदर्शन | प्रत्येक रोवर/रेंजर को निपुण, राज्य पुरस्कार या राष्ट्रपति पाठ्यक्रम में से किसी एक दक्षता बैज का प्रदर्शन करना आवश्यक है। प्रत्येक दक्षता बैज का पाठ्यक्रम पूरी कार्ड शीट पर बैज का चित्र बनाकर लाना आवश्यक है। | 10 |
| 15. | अनुशासन एवं समय की पाबन्दी | प्रथम दिन से अन्तिम दिन तक पूरें पेट्रोल का मूल्याकंन किया जावेगा। | 10 |
| 16. | साहसिक गतिविधि | इसमें सभी सदस्यों को भाग लेना आवश्यक है। | 10 |
| | | कुल योग – | 200 |

18. प्रमाण पत्र –

1. कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर ही के रोवर/रेंजर को सहभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किये जायेगे।
2. 74 प्रतिशत तक अंक प्राप्त करने पर क्रू/टीम को स्तर प्रमाण–पत्र प्रदान किये जायेंगे।
3. 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने पर क्रू/टीम को उच्च स्तर प्रमाण–पत्र प्रदान किये जायेंगे।
4. ओवर नाइट का प्रमाण–पत्र अलग से दिया जावेंगा।

19. विशेष :–

(अ) प्रायः यह देखा गया हैं कि कई रोवर्स/रेंजर्स आवश्यक सामग्री यथा – भोजन हेतु आवश्यक बर्तन, दैनिक आवश्यकता की सामग्री, आवास एवं गेजेट्स से संबंधित सामग्री पूर्ण रूप से अपने साथ लेकर नहीं आते है इसके अभाव में संबंधित क्रू/टीम के सदस्यों को शिविर से पुनः लौटाने के साथ ही संबंधित सर्कल ऑर्गेनाइजर (स्काउट/गाइड) के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। अतः इसके लिये यह आवश्यक है कि इसके लिए संबंधित सर्कल ऑर्गेनाइजर स्काउट/गाइड उक्त क्रू/टीम की विजिट कर तैयारी सुनिशिचित करें।

(ब) मण्डल द्वारा प्रमाणीकरण के बिना एवं निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

(स) चयनित संभागियों की सूची राज्य मुख्यालय द्वारा 25.11.2024 को जारी की जावेगी। इसके अभाव में सीधे किसी भी रोवर/रेंजर को शिविर में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।

अतः उपरोक्त निर्देशानुसार अपने जिले के क्रू/टीम से रोवर्स/रेंजर्स को संबंधित रोवर/ रेंजर लीडर के नेतृत्व में सहभागिता करवाने की व्यवस्था करावें।

PCJain

(डॉ. पी. सी. जैन)

राज्य सचिव

182 office wok 2024-25

क्रमांकः– प– ( )रा.मु./24–25/ 5556 - 5570 दिनांकः 18 /10 /2024

प्रतिलिपिः– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. राज्य मुख्यालय पदाधिकारीगण, राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर।
2. स्टेट कमिश्नर(रोवर), राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, राज्य मुख्यालय, जयपुर।
3. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, शिक्षा निदेशालय, जयपुर।
4. निदेशक, तकनीकी शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
5. निदेशक, संस्कृत शिक्षा, शिक्षा संकुल, राजस्थान, जयपुर।
6. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर।
7. रजिस्ट्रार, राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर/जोधपुर/उदयपुर/वनस्थली/अजमेर/बीकानेर/ कोटा।
8. राज्य संगठन /प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) राज्य मुख्यालय, जयपुर।
9. जिला मुख्यायुक्त एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, समस्त।
10. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड), मण्डल मुख्यालय, अजमेर को प्रेषित कर लेख है कि रोवर मूट/रेंजर मीट की आवश्यक तैयारी की रिपोर्ट भिजवाएँ।
11. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट/गाइड), मण्डल मुख्यालय, समस्त को प्रेषित कर लेख हैं कि यह परिपत्र संबंधित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में तत्काल भिजवायें। चयनित क्रू/टीम के रोवर्स/रेंजर्स की सूची मण्डल मुख्यालय द्वारा 20.11.2024 तक आवश्यक रूप से राज्य मुख्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करावें।
12. सर्कल ऑर्गेनाइजर (स्काउट/गाइड) जिला मुख्यालय, अजमेर को प्रेषित कर लेख है कि रोवर मूट/रेंजर मीट की आवश्यक तैयारियों की जानकारी भिजवावें।
13. लेखाशाखा, राज्य मुख्यालय, जयपुर।
14. सहायक प्रोग्रामर, राज्य मुख्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
15. प्राचार्य/रोवर लीडर ........................................................

राज्य सचिव

# राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय

जवाहर लाल नेहरू मार्ग, बजाज नगर, जयपुर – 302015
टेलीफोन नं. 0141–2706830, 2941096,ई–मेल:–rajscoutguide@yahoo.com

## राज्य स्तरीय 64वां रोवर मूट/50वीं रेंजर मीट हेतु पंजीकरण प्रपत्र

1. शिविर का नाम – राज्य स्तरीय रोवर मूट/रेंजर मीट
2. स्थान – स्काउट/गाइड, मण्डल प्रशिक्षण केन्द्र, पुष्कर घाटी, अजमेर।
3. दिनांक – 26 से 30 दिसम्बर, 2024
4. क्रू/टीम का नाम व पता – ..................................................
5. स्थानीय संघ – .................... जिला .................... मण्डल....................
6. रोवर/रेंजर का नाम – ..................................................
7. पिता/पति का नाम – ..................................................
8. जन्म तिथि – .................... आयु ....................
9. शैक्षिक योग्यता – .................... व्यवसाय ....................
10. रोवर/रेंजर योग्यता – प्रवेश तिथि ....................

    – निपुण प्रमाण पत्र संख्या ....................

    तिथि ....................

    – राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र संख्या ....................

    तिथि ....................
11. मोबाइल नम्बर – ..................................................
12. अब तक जिन गतिविधियों में भाग लिया –

| क्रं. सं. | गतिविधि का नाम | स्तर | तिथियाँ | स्थान | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

ह0 रोवर/रेंजर

दिनांक

उपरोक्त सूचनाएँ सही है। इनके चयन हेतु अनुशंषा की जाती है।

ह0 रोवर/रेंजर लीडर
दिनांक

ह0 प्राचार्य (मय सील)
दिनांक

ह0 सी.ओ. (स्काउट/गाइड)
दिनांक

मण्डल द्वारा अभिशंषा कर प्रेषित है–

सहायक राज्य संगठन आयुक्त

हस्ताक्षर मय सील दिनांक